# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर के बिठूर महोत्सव में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बांटे नियुक्ति पत्र : कहा– विरासत और विकास के साथ जुड़ने वाले महानगर के रूप में विकसित हो रहा है कानपुर।
2. केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने की लखनऊ में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान' की शुरूआत : कहा– फिट रहने के लिए नियमित व्यायाम और साइकिलिंग जरूरी।
3. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केन्द्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल आगरा में अखिल भारतीय रबी–तिलहन सेमिनार के समापन समारोह में हुए शामिल।

और

4. राज्य में शहीद दिवस के अवसर पर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को दी जा रही है श्रद्धांजलि : जगह–जगह हो रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कानपुर के बिठूर महोत्सव में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कानपुर के एक हजार 302 उद्यमियों को 5 करोड़ 42 लाख रूपये का ऋण प्रदान किया। उन्होंने नवनियुक्त 329 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र और मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण याजना के 127 लाभार्थियों को 6 करोड़ 35 लाख रूपये की सहायता राशि भी दी। मुख्यमंत्री ने कानपुर नगर के समीक्षा बैठक के दौरान विकास कार्यों और कानून–व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने उन्हें क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया, जिनके समाधान के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को ठोस निर्देश दिए। इससे पहले श्री योगी ने शहर में चल रही विकास परियोजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चुन्नीगंज में निर्माणाधीन कन्वेंशन सेंटर और चुन्नीगंज मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की व्यवहारिक और पारदर्शी नीतियों से प्रदेश लगातार सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है। कानपुर भी विरासत और विकास के साथ जुड़ने वाले महानगर के रूप में तेजी से बढ़ रहा है। बाइट...

*आज कानपुर में यहां पर औद्योगिक वातावरण बनाने के लिए फिर से डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर का निर्माण का कार्य हो रहा है। एम्यूनिशन*

*मैन्युफैक्चरिंग का काम यहां प्रारंभ हो गया है। यहां पर टेक्सटाइल के नए हब के रूप में विकसित करने के लिए फ्लैटेड फैक्ट्री का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। अगले दो–तीन महीने के अंडर रेडीमेड गारमेंट के एक नये केन्द्र के रूप में कानपुर फिर से विकसित होने जा रहा है। ये कानपुर फिर से एयर कनेक्टिविटी के साथ जुड़ चुका है। वंदे भारत ट्रेन की सुविधाएं कानपुर से दिल्ली के बीच अन्य नगरों के बीच फिर से प्रारंभ हो चकी है। आउटर रिंग रोड हो या फिर लखनऊ–कानपुर के बीच में ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण होने के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश की दूरी को और कम करने में कानपुर से मदद मिलेगी। कानपुर नए भारत का अपनी विरासत और विकास के साथ जुड़ने वाले महानगर के रूप में देखने को मिल रहा है।*

———————

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने आज लखनऊ में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने फिट इंडिया आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान करते हुए दैनिक जीवन में नियमित व्यायाम आर साइकिलिंग पर जोर दिया। बाइट मनसुख मांडविया...

*फिट इंडिया मूवमेंट में हर वीक संडे ऑन साइकिल सारे देश में एक मूवमेंट के रूप में चल पड़ा है। देश के युवा, देश के बुजुर्ग, देश के सब लोग संडे एक घंटे के लिए अपने स्वयं को फिट रखने के लिए साइकिलिंग करते हैं। राज्य के स्पोर्टस मिनिस्टर गिरीश यादव जी के साथ एक हजार युवकों के साथ लखनऊ में ओबीसिटी के अगेंस साइकिलिंग करके अपने स्वयं को फिट रखने के लिए संदेश दिया। साइकिल पलूशन का सलूशन भी है। साइकिल फिट रहने का मंत्र है। साइकिलिंग से मेंटली और फिजकली फिटनेस भी बढ़ती है। साइकिलिंग से फ्यूल की बचत होती है इसलिए मैं देश के सभी नागरिक को आह्वान करता हूं कि हर संडे एक घंटे के लिए साइकिलिंग करें और अपने को स्वयं फिट रखें।*

यह राष्ट्रव्यापी साइकिलिंग अभियान अब तक चार हजार दो सौ से अधिक जगहों पर आयोजित किया जा

चुका है। जिसमें दो लाख लोग शामिल हुए हैं। इस पहल के जरिए वायु प्रदूषण कम करने और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा दिया जा रहा है।

————————

लखनऊ में अगले महीने 'कुकरैल नाइट सफारी और एडवेंचर पार्क' का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। सूत्रों के मुताबिक ईपीसी मोड में लगभग दो वर्ष के भीतर पहले चरण का निर्माण और विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। कुकरैल नाइट सफारी देश में अपनी तरह की ऐसी पहली नाइट सफारी होगी, जिसमें 38 तरह के जीव–जंतुओं के एनक्लोजर, एम्यूजमेंट एक्टिविटी एरिया, प्रशासनिक ब्लॉक, 7डी थिएटर, आर्ट गैलरी, एंट्री गेटवे, कैफेटेरिया, एंट्रेंस प्लाजा, क्वॉरंटीन वॉर्ड, पशु चिकित्सालय और स्टाफ के लिए आवासीय खंड बनाये जायेंगे। परियोजना के तहत आधुनिक सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम की स्थापना भी होगी।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल आज आगरा में दो दिवसीय 45 वें अखिल भारतीय रबी–तिलहन सेमिनार के समापन समारोह में शामिल हुये। सेमिनार में देश भर से 1200 से ज्यादा तेल व्यवसाय से जुड़े व्यापारी और उद्योगपतियों ने भाग लिया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि बदलते स्वरुप में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि इस सेमिनार से तेल और तिलहन के बारे में वैचारिक रूप से हो रहे मंथन से जरूर अमृत निकलेगा।

——————————

अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में उत्तर भारत की पहली विश्वस्तरीय नवजात हृदय रोग गहन चिकित्सा इकाई जल्द बनकर तैयार हो जायेगी। इस सिलसिले में चिकित्सालय और भारतीय तेल निगम लिमिटेड के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से....

*अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज का शुमार भारत के बड़े अस्पतालों में होता है जहां पर रोजाना चार से पांच हजार मरीज इलाज के लिए आते हैं और अब जेएनएमसी के हृदय व वक्ष शल्य*

*चिकित्सा विभाग ने भारतीय तेल निगम लिमिटेड के साथ समझौता किया। इसके तहत आधुनिक नवजात व शिशु हृदय रोग गहन चिकित्सा इकाई बनेगी। सीआरएस योजना के तहत इंडियन ऑयल कंपनी ने आईसीयू की स्थापना के लिए 12 करोड़ रूपये की आर्थिक मदद की है। हृदय और वक्ष शल्य चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर आजम हसीन ने बताया कि मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश का एक मात्र बाल हृदय केंद्र है जहां राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जाती है। रजनीश सिंह आकाशवाणी समाचार अलीगढ़।*

—————————

प्रदेश में आज शहीद दिवस के अवसर पर जगह—जगह महान स्वतंत्रता सेनानियों शहीद—ए—आजम भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। अमरोहा जिले के हसनपुर नगरपालिका परिसर में स्थित सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उनके जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कुशीनगर में चैरिटेबल ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय विधायक पी.एन. पाठक सहित कई लोगों ने रक्तदान किया। जौनपुर में भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली ने भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और लोगों से उनके जीवन दर्शन का अनुसरण करने की अपील की।

तीनों वीर सपूतों को आज ही के दिन 1931 में लाहौर के सेन्ट्रल जेल में फांसी दी गई थी। इन क्रांतिकारियों को

एक ब्रिटिश पुलिस अधिकारी सैंडर्स को गोली मारने के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी।

———————

आईपीएल की मेगा नीलामी में नहीं बिकने वाले भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की आईपीएल–2025 में एंट्री हो गई है। वह 18वें सीजन में वापसी के लिए तैयार हैं। उन्हें लखनऊ सुपर जाएंट्स ने चोटिल मोहसिन खान के स्थान पर टीम में शामिल किया है। नए कप्तान ऋषभ पंत के नेतृत्व में लखनऊ सुपर जाएंट्स कल दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

———————

पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने की वजह से राज्य के दक्षिणी–पूर्वी हिस्सां में इसका प्रभाव आज देखा गया और कई जगहों पर रुक–रुक कर बारिश होती रही।

मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने आकाशवाणी को बताया कि अगले एक हफ्ते के दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। बाइट...

*आगे आने वाले एक हफ्ते के दौरान प्रदेश में कोई भी सक्रिय मौसम तंत्र नहीं रहेगा, जिस कारण दिन में तेज धूप निकलने से दिन का अधिकतम तापमान अगले चार पांच दिनों के दौरान क्रमिक तौर पर तीन से पांच डिग्री बढ़ जायेगा और दिन में कीरणीय ऊष्मन अधिक होने तथा तापमान में वृद्धि के कारण रात का न्यूनतम तापमान भी तदनुसार दो से चार डिग्री क्रमिक तौर पर अगले तीन चार दिनों में बढ़ जायेगा और अगले एक हफ्ते के दौरान प्रदेश में कोई भी सक्रिय वेदर सिस्टम नहीं होने के कारण मौसम पूर्ण रूप से शुष्क बने रहने की संभावना है।*

—————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ा दी है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन पत्र 24 मार्च तक जमा कर सकते हैं। परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि भी 25 मार्च रात 11 बजकर 50 मिनट तक कर दी गई है।

—————————